मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांकः 12 जून 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	12/06/15	13/06/15	14/06/15	15/06/15	16/06/15
वर्षा (मि.मी.)	1	1	1	1	1
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	38	38	39	39	40
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	25	25	26	26	27
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	3	4	3	2	3
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	78	72	74	68	62
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	22	20	20	18	16
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	10	12	12	12	12
हवा की दिशा	पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

सिंचित मूंगफली की बुवाई का उपयुक्त समय देखते हुए इसकी उन्नत किस्मों – आर.जी. 425, आर.जी. 382, गिरनार–2, टी.जी.37–ए की बुवाई करें। बुवाई से पहले प्रति किलो बीज को 3 ग्राम थाइरम या 2 ग्राम मैन्कोजेब से उपचारित करें।

बाजरा, ग्वार एवं दलहनी फसलों की बुवाई हेतु आवश्यक आदानों जैसे बीज, उर्वरक, रसायनों की अग्रिम व्यवस्था कर लेवें ताकि वर्षा शुरु होते ही इन फसलो की समय पर बुवाई की जा सके।

बाजरा की अधिक उपज के लिये उन्नत किस्मों की बुवाई करें, बाजरा की उन्नत किस्में:– आर.एच.बी–177, आई.सी.टी.पी.–8203, आर.एच.बी–121, आर.एच.बी–173, आर.एच.बी–154, जी.एच.बी.–538,एच.एच.बी–67 (इम्प्रूव्ड)।

जिन किसान भाईयों को मानसुन में फलदार पौधे लगानें है वे खेत में गडडे खोद कर खाद व दीमक की दवाई मिलाकर तैयार कर ले तथा वर्षा आने पर फलदार पौधे लगावें। जलवायु के अनुसार आंवला, बेर, अनार, गुंदा, नींब, कंरौदा और बिलपत्र आदि उगाये जा सकते है।

बरसात से पहले अपने पशुओं को एन्थ्रेक्स गलघोंटू रोग व लगंडा बुखार से बचाव हेतु टीका लगवायें।

(नौडल ऑफीसर)